‘'Teachers should be respected..

Shivani
B.A. Ist

Don't Give Up

Don't give up and don't Give in
it's all in the Lord's hands
No matter what you are facing
He is the one Who can.
In any situation
his grace can turn it around
so you can be victorious
as his love does abound.
The beginning and the end he knows
and all that's in between
so but your total trust in him
to him it's all foreseen.
He knows about your struggles
he knows about your pain
Your hardships and your sorrows
And he will help you to reign.
So Don't Give up and don't Give in
Don't quit before it's time
God's Grace will give you power
to make it to the finish line
in his way and time.

Kashish
B.A. III

Education System : Learning Vs Marks

The modern education system often prioritizes marks over meaningful learning Students are trained to memorize information rather than understand concepts. As a result, high scores are achieved, but real knowledge remains limited. This marks-oriented approach creates a narrow definition of success. Intelligence is judged by numbers on a report card rather than by creativity, critical thinking, or problem-solving ability. Students begin to study not out of curiosity, but out of fear-fear of failure, comparison, & expectations. This approach creates a system where success is measured by numbers rather than intellectual growth. Students focus on examinations instead of curiosity, and learning becomes a burden rather than a process of discovery. A shift is needed-from rote learning to critical thinking. from marks to mastery. Education should not just prepare students to pass exams; it should prepare them to face real-life challenges with understanding and confidence. A significant shift is required in this approach. The focus should move from rote learning to conceptual understanding, from competition to curiosity, and from marks to mastery. True education should not just prepare students to pass exams, but to think, analyze, and contribute meaningfully to society.

Aparna Devi
M.A. III

Online Learning Vs Offline Learning

Behind the screen, the lessons flow,
At our own pace, we learn and grow,
Yet silent rooms and muted calls,
Can never match real classroom walls.

The chalk, the board, the rising hand,
Create a bond we understand,
A simple nod, a knowing smile,
Can make each effort feel worthwhile.

Blend both the worlds, don't stand apart,
Let tech assist, but lead with heart,
For knowledge thrives where balance stays,
Not lost in trends, but guided ways.

Shivani
B.A. I

College Life Vs Reality

A canvas bright with dreams untold,
Where freedom shines in shades of gold,
We step inside with hopes so high,
Beneath a vast, uncharted sky.

Yet soon the glitter starts to fade,
Through sleepless nights and plans delayed,
Deadlines knock, and pressure rise,
Truth reveals its sharp disguise.

Between the laughs and silent fears,
We shape our strength through passing year,
For college is not what it seems-
It builds us more than just our dreams.

Muskan
B.A. III

Impact of AI on Students' Future

A mind once driven to explore,
Now finds quick answers at its door,
With codes and cues, the machine replies,
Faster than thought, precise and wise.
It shapes our work, it guides our way,
Transforms the night to working day,
Yet in its ease, a risk we find-
A fading spark of the human mind.
So let it aid, but not define,
The thoughts that make your vision shine,
For tools may lead, but you must see-
The thinker you are meant to be.

Arpita
B.A. I

Success : Hard Work Vs Work

Success is often associated with hard work, but effort alone is not always enough Without direction and strategy, hard work can become inefficient. This is where smart work plays a crucial role. Smart work involves planning, prioritizing, and using resources effectively. In today's fast-paced world, individuals who combine hard work with smart strategies tend to achieve better results. They understand the importance of time management, adaptability, and continuous learning, Instead of repeating the same efforts, they analyze what works and improve their approach. It helps achieve better results in less time without unnecessary effort. However relying only on shortcuts without dedication can also lead to failure. True success lies in the balance between hard work and smart work. When effort is combined with strategy, it leads to consistent growth and meaningful achievement. Therefore, true success lies in maintaining a balance between the two. When hard work is guided by smart thinking, it leads to sustainable growth and meaningful achievement.

Rupakshi
M.A. III

HAWAN CEREMONY

ORIENTATION PROGRAMME

INDEPENDENCE DAY CELEBRATION

REPUBLIC DAY CELEBRATION



हिन्दी विभाग

मानव जब जोर लगाता है, पत्थर पानी बन जाता है।
परिश्रम ही जीवन का आधार, यही सफलता का द्वार।
जो संघर्षों से नहीं घबराता, वही आगे बढता जाता।
हिम्मत जिसकी साथ रहे, वह हर मंजिल पा जाता।
– रामधारी सिंह दिनकर

सम्पादिका
सुखविन्द्र

छात्रा सम्पादिका
शायना

अनुक्रमणिका

क्र. स.	लेख	लेखिका	पृष्ठ स.
1.	सम्पादकीय	सुखविन्द्र	3
2.	संकल्प	शालू	4
3.	सच्ची दोस्ती	खुशबू खातून	4
4.	इतिहास : अतीत का दर्पण, वर्तमान की चेतना और भविष्य....	डॉ॰ मंजू बाला	5
5.	जिंदगी का संघर्ष	तमन्ना	6
6.	जन-जन की भाषा हिंदी	मलकीत	6
7.	जीवन से लगाव	एकता	7
8.	वो बचपन...	निशा	7
9.	मेहनत का फल	अंचल	8
10.	ये शिक्षक कहलाते है	तन्नु	8
11.	स्वास्थ्य जीवन शैली का महत्त्व	कशिश टाया	9
12.	माँ-बाप	अनु	9
13.	विश्वास करो कर्म में	अभिलेषा	10
14.	बलात्कार	नेहा	10
15.	जीवन का लक्ष्य	सीना	11
16.	जन-जन की आत्मा की भाषा	पायल	11
17.	समय का महत्त्व	शिवानी	12
18.	लड़कियाँ	महक	12
19.	मेहनती किसान	वर्षा	13
20.	माँ	प्रिया	13
21.	उड़ान	मलकीत	14
22.	सपनों में रख आस्था	शायना	14
23.	हिन्दी की शादी	रोक्शी मेहला	15
24.	मैं हैरान हूँ	शायना	15
25.	युद्ध और शांति	कोमल	16
26.	आंतकवाद	तनु	16
27.	मोबाइल की लत	लविना	17
28.	सपनों की उड़ान	जानशी	17
29.	जुनून..... उड़ान हौसलों की	सलोनी	17
30.	शिक्षा और संस्कार	अनामिका	18
31.	बुजुर्गो का सम्मान	सेजल	18
32.	भागदौड़ भरी जिंदगी	शीतल	19
33.	बदलता मौसम	आँचल	19
34.	काला टीका	पुनम रानी	20
35.	गाँव और शहर की कहानी	नेहा	20
36.	मेकअप	प्राची	21
37.	ए-आई का असर	आँचल	21
38.	सोशल मीडिया का जादू	कशिश	22
39.	जीवन का सफर	पायल	22
40.	संघर्ष से सफलता तक	शालू	23
41.	मैं आज की नारी हूँ	मनीषा	23
42.	गैस की किल्लत	आँचल	24
43.	महंगाई	रीना	24
44.	फैशन का दौर	काजल	25
45.	माँ	मुस्कान	25
46.	अन्तिम कोशिश	शायना	26
47.	बेटी	संजना	26
48.	जीवन की राह	कशिश	27
49.	उम्मीद की किरण	कोमल शर्मा	27
50.	दोस्ती	शायना	28
51.	गुरू शिष्य की कहानी	आँचल	28

सम्पादकीय



हम एक ऐसी सभ्यता की ओर बढ़ रहे हैं जहाँ हमारी उंगलियाँ स्क्रीन पर तो बहुत तेजी से चलती हैं, लेकिन किसी का हाथ थामने में हिचकिचाती हैं। आधुनिकता की इस चकाचौंध में हमने बहुत कुछ पाया है- रफ़्तार, सुविधा और तकनीक। लेकिन इस दौड़ में हमने अपनी सबसे कीमती विरासत को पीछे छोड़ दिया है और वह है 'संवेदना'। आज हमारे पास दुनिया भर की सूचनाएँ हैं, पर पास बैठे व्यक्ति के मन की चुप्पी को पढ़ने का समय नहीं हैं। हम 'कनेक्टेड' तो बहुत हैं, पर 'जुड़े'हुए बिल्कुल नहीं। संवेदनाओं का यह अकाल इस सदी का सबसे बड़ा संकट है, जिस पर चर्चा तो कम होती है, लेकिन जिसका प्रभाव हमारे भविष्य को बंजर बना रहा है।

संवेदना वह खुशबू है जो मनुष्य को मिट्टी से जोड़े रखती है। जब हम किसी दूसरे के दुख को देखकर अपनी आँखों में नमी महसूस करते हैं तो वह नमी ही हमें इंसान बनाए रखने की अंतिम गवाही होती है। साहित्य का मूल आधार भी यही है। एक लेखक या कवि जब कुछ रचता है तो वह वास्तव में अपनी संवेदनाओं का विस्तार कर रहा होता है ताकि वह समाज के उन कोनों तक पहुँच सके जहाँ रोशनी नहीं पहुँचती। आज के दौर में हमने 'सहानुभूति' का स्थान 'प्रतिक्रिया' को दे दिया है। संवेदना का अर्थ है-दूसरे के भीतर खुद को महसूस करना। यदि हम किसी के दर्द को केवल एक स्क्रीन के माध्यम से देख रहे हैं और हमारे दिल की धड़कन सामान्य बनी हुई है तो हमें ठहरकर सोचने की जरूरत है कि हम मशीन बनने की कितने करीब पहुँच चुके हैं। तकनीक ने दूरियों को मिटाया जरूर है, लेकिन उसने दिलों के बीच एक अदृश्य दीवार भी खड़ी कर दी है। संवेदनाओं के लुप्त होने का एक बड़ा कारण हमारा अत्यधिक आत्मकेंद्रित होना भी है। हम अपनी ही छोटी सी दुनिया की सफलताओं और विफलताओं में इतने मग्न हैं कि हमें बाहर की दुनिया की लय सुनाई ही नहीं देती। प्रकृति के साथ हमारा जुड़ाव लगभग टूट चुका है।

शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य भी केवल सूचनाओं का संग्रह करना नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर की संवेदना को जगाए रखना है। यदि एक डिग्री प्राप्त युवा समाज के प्रति संवेदनशील नहीं है तो वह शिक्षा अधूरी हैं। हमें ऐसी पीढ़ी की आवश्यकता है जो न केवल तकनीक में माहिर हो, बल्कि जिसमें करुणा, दया और प्रेम का संचार भी हो। अत:हमें सचेत होना होगा। इससे पहले कि हमारी संवेदनाएँ पूरी तरह विलुप्त हो जाएं और हम केवल मांस-मज्जा के चलते-फिरते रोबोट बन जाएं, हमें ठहरकर अपनी जड़ों की ओर मुड़ना होगा। मनुष्य होना एक सौभाग्य है, लेकिन 'मनुष्यता' बचाए रखना एक निरंतर साधना है।

सुखविन्द्र
हिन्दी विभाग

संकल्प

दृढ है संकल्प तो विकल्प नहीं ढूंढ़ना,
निश्चय जब कर लिया संकल्प नहीं तोड़ना,

खुद पर विश्वास और मन में उमंग हो,
कौशल के साथ अगर साहस का संग हो,
तो किसी भी काम को अधर में नहीं छोड़ना,
निश्चय जब कर लिया संकल्प नही छोड़ना।

रात्रि एक दिन सुबह के साथ आएगी,
अंधकार चीरकर प्रकाश साथ लाएगी,
ठान लिया एक बार मुँह नहीं तू मोड़ना,
निश्चय जब कर लिया संकल्प नही .....तोड़ना।

विचार को विचार कर,
दृष्ट को दुलार कर,
एक बार थामकर हाथ नहीं छोड़ना,
निश्चय जब कर लिया संकल्प नही.....तोड़ना।

शालू
बी.ए. प्रथम वर्ष

सच्ची दोस्ती

दोस्ती कोई सौदा नहीं
ये दिल से दिल का रिश्ता हैं
जो सुख-दुख में साथ निभाए
वही सच्चा मित्र होता हैं।.... !

मुस्कान बाँटे आँसू पोंछे
हर राह में साथ चलें
अँधेरों में दीपक बनकर
जीवन को उजाला दें।.... !

दूरी चाहें कितनी हो जांए
दिलों का फासला न घटें
दोस्ती का ये प्यारा बंधन
हर मुश्किल में साथ रहें।.... !

दोस्ती वो दीपक हैं
जो अँधेरों में चमकता हैं
थकान भरे सफर में भी
मन को हँसाकर बहलाता हैं।.... !

खुशबू खातून
बी.ए. प्रथम वर्ष

इतिहास : अतीत का दर्पण, वर्तमान की चेतना और भविष्य का मार्गदर्शन

इतिहास मानव सभ्यता की सामूहिक स्मृति हैं। यह केवल घटनाओं, तिथियों और शासकों का क्रमबद्ध विवरण नहीं है, बल्कि मानव समाज के बौद्धिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास की गहन व्याख्या करता है। इतिहास हमें यह समझने में सहायता करता है कि मानव ने किन परिस्थितियों में किस प्रकार के निर्णय लिए, उनके क्या परिणाम हुए और उनसे हमें क्या सीख लेनी चाहिए।

इतिहास का अध्ययन हमें अतीत और वर्तमान के बीच एक सेतु प्रदान करता है। किसी भी समाज की वर्तमान स्थिति उसके अतीत के अनुभवों का परिणाम होती है। जब हम प्राचीन सभ्यताओं जैसे सिंधु घाटी, मिश्र, मेसापोटामिया या चीन का अध्ययन करते हैं तो हमें मानव द्वारा किए गए वैज्ञानिक, प्रशासनिक और सांस्कृतिक प्रयोगों की जानकारी मिलती है। इसी प्रकार भारत के वैदिक काल, मौर्य और गुप्त काल, मध्यकालीन सामाजिक-धार्मिक आंदोलनों तथा औपनिवेशिक काल के संघर्षो का अध्ययन हमें यह सिखाता है कि परिवर्तन निरंतर प्रक्रिया है।

भारत का इतिहास विशेष रूप से प्रेरणादायक हैं क्योंकि यहाँ विविध भाषाएँ, धर्म जातियाँ और संस्कृतियाँ एक साथ विकसित हुई हैं। बौद्ध और जैन दर्शन की अहिंसा, भक्ति और सूफी आंदोलनों की समन्वयवादी चेतना तथा स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान विकसित राष्ट्रीय एकता की भावना आज भी हमारे सामाजिक जीवन के लिए मार्गदर्शन है। इतिहास हमें यह भी सीखाता है कि जब समाज में असमानता, अन्याय और दमन बढ़ता है तो परिवर्तन की चेतना स्वभाविक रूप से जन्म लेती है।

आधुनिक युग में, जब तकनीकी विकास अत्यंत तीव्र है और सूचनाएँ क्षणभर में उपलब्ध हो जाती है, इतिहास की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। इतिहास हमें तथ्यों की जाँच, स्त्रोतो के विश्लेषण और आलोचनात्मक सोच की क्षमता प्रदान करता है। हमें किसी भी सूचना को बिना समझे स्वीकार करने के बजाय प्रश्न करने और तर्कसंगत निष्कर्ष निकालने की प्रेरणा देता है।

कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए इतिहास केवल परीक्षा का विषय नहीं है, बल्कि यह उन्हे जिम्मेदार नागरिक बनने में सहायता करता है। इतिहास का विद्यार्थी लोकतंत्र, संविधान, सामाजिक न्याय और मानवधिकारों के महत्व को बेहतर ढंग से समझ पाता है। इतिहास हमें सहिष्णुता, संवाद और शांति के मूल्यों से जोड़ता है जो आज के वैश्विक परिदृश्य में अत्यंत आवश्यक हैं।

एक इतिहास प्राध्यापक के रूप में मेरा दृढ़ विश्वास है कि यदि युवा पीढ़ी इतिहास को केवल याद करने का विषय न मानकर उसे समझने और आत्मसात करने का माध्यम बनाए तो समाज अधिक जागरूक, संवेदनशील और प्रगतिशील बन सकता है। इतिहास हमें यह बोध कराता है कि भविष्य का निर्माण अतीत की गलतियों से सीख लेकर ही किया जा सकता है।

अंततः, इतिहास मानव अनुभवों का ऐसा कोष है, जो हमें न केवल यह बताता है कि हम कहाँ से आए है, बल्कि यह भी दिखाता है कि हमें किस दिशा में जाना चाहिए। यह इतिहास का वास्तविक महत्व और उद्देश्य है।

डॉ॰ मंजू बाला
सहायक प्रोफेसर इतिहास

जिंदगी का संघर्ष

वो आकाश क्या जिसमें तारे ना हो,
वो सागर क्या जिसमें गहराई ना हो,
वो पथ क्या जो पथरीले ना हो,
वो जीवन क्या जिसमें संघर्ष ना हो।

वो सूर्य क्या जिसमें तपन ना हो,
वो चांद क्या जिसमें शीतलता ना हो,
वो बरसात क्या जिसमें बिजली ना हो,
वो जीवन क्या जिसमें प्रकाश ना हो।

वो बाग क्या जिसमें हरियाली ना हो,
वो डाली क्या जिसमें कांटे ना हो,
वो तथ्य क्या जिसमें तर्क ना हो,
वो वस्तु क्या जो संभव ना हो।

वो कहानी क्या जिसका अंत ना हो,
वो पतंग क्या जो आजाद ना हो,
वो कर्म क्या जिसमें लग्न ना हो,
वो जन्म क्या जिसका कोई लक्ष्य ना हो।

तमन्ना
बी.ए. तृतीय वर्ष

जन-जन की भाषा हिंदी

1. हिंदी है भारत की पहचान,
संस्कृति का है इसमें मान।
जन-जन की प्यारी ये बोली
दिल की धड़कन जैसी डोली।
2. 14 सितंबर का दिन है खास,
हिंदी देती हमें विश्वास।
मिल-जुलकर जब बोलें हिंदी
सजती है जीवन की बिंदी।
3. सरल, मधुर और सजीव है,
हर शब्द इसका अतीव है।
भावो को यह पास लाती,
दूरी को भी दूर भगाती।
4. आओ मिलकर कसम ये खाएँ,
हिंदी का मान सदा बढ़ाएँ।
जन-जन की भाषा हिंदी रहे,
जिंदगी में इसकी ज्योति बहे।

मलकीत
बी.ए. द्वितीय वर्ष

जीवन से लगाव

एक व्यक्ति भीख माँगकर अपना गुजारा करता था। उसका वृद्ध शरीर इतना जर्जर हो चुका था कि उसकी एक-एक हड्डी गिनी जा सकती थी। उसकी आँखों की ज्योति लगभग जा चुकी थी और शरीर में कुष्ठ रोग हो गया था। एक युवक रोज उस भिखारी को देखता, उसे देखकर युवक मे मन में घृणा और दया के भाव एक साथ उमड़ते थे। वह सोचता इसके जीने का क्या फायदा? जीवन से इसे इतना लगाव क्यों हैं? ईश्वर इसे मुक्ति क्यों नही दे देते? एक दिन जब उससे नही रहा गया, तो वह भिखारी के पास जाकर बोला, बाबा तुम्हारी इतनी बुरी हालत है, फिर भी तुम जीना चाहते हो और भीख माँगते हो। तुम ईश्वर से यह प्रार्थना क्यों नहीं करते कि वह तुम्हे इस नरकीय जीवन से मुक्त कर दे। इस पर भिखारी कुछ देर तक मौन रहा फिर बोला, बेटा जो तुम कह रहे हो वही बात मेरे मन में भी उठती हैं! मैं ईश्वर से बार-बार यही प्रार्थना करता हूँ। पर वह मेरी सुनता ही नहीं। शायद वह चाहता हैं कि मैं इसी धरती पर बना रहूँ ताकि दुनिया वाले मुझे देखे और समझे कि एक दिन मैं उन्ही की तरह था। लेकिन कभी वह दिन भी आ सकता है जब किसी कारणवश वे भी मेरी ही तरह हो जाए। इसलिए किसी को भी अपने ऊपर किसी भी तरह का अभिमान नही करना चाहिए। इंसान की जिंदगी में सब दिन हमेशा एक से नहीं रहते। युवक भिखारी के शब्दों में छिपी बातो का मर्म समझ गया। उसे लगा कि भिखारी ने उसकी आँखे खोल दी हैं। इसके बाद जीवन भर उसने फिर किसी के जीवन को हेय समझने की गलती नहीं की।

एकता
बी.ए. प्रथम वर्ष

वो बचपन...

एक बचपन का जमाना था,
जिसमें खुशियों का खजाना था...
चाहत चाँद को पाने की थी,
पर दिल तितली सा दिवाना था...
खबर ना थी कुछ सुबह की,
ना शाम का ठिकाना था...
थक कर आना स्कूल से,
पर खेलने का जमाना था...
बारिश में कागज की नाव थी,
हर मौसम सुहाना था...
हर खेल में साथी थे,
हर रिश्ता निभाना था...
क्यो हा गए हम इतने बड़े
इससे अच्छा तो बचपन का जमाना था।

निशा
बी.ए. तृतीय वर्ष

मेहनत का फल

एक समय की बात है, एक गाँव में एक गरीब किसान रहता था। उसके पास बहुत कम जमीन थी और वह बहुत मेहनत करता था। लेकिन उसकी मेहनत के बावजूद उसके पास कभी भी ज्यादा पैसे नहीं होते थे। एक दिन किसान अपने खेत में काम कर रहा था जब उसे एक छोटा सा बीज दिखाई दिया। उसने बीज को उठाया और उसे अपने घर ले गया। उसने बीज को एक बर्तन में पानी में डाल दिया। कुछ दिनों के बाद बीज अंकुरित हो गया। किसान ने बीज को एक गमले में लगाया और वह रोजाना उसे पानी देता था। बीज दिन-प्रतिदिन बड़ा होता गया और उसमें एक सुंदर पौधा उग आया। पौधा बड़ा होकर एक पेड़ बन गया। पेड़ पर बहुत सारे फल लगे। किसान ने फल तोड़े और उन्हें बाजार में बेच दिया। उसने फल बेचकर बहुत पैसे कमाए। किसान बहुत खुश था। उसने सोचा कि यह सब धैर्य के कारण ही हुआ है। उसने हमेशा धैर्य से मेहनत की और अंत में उसे सफलता मिली।

अंचल
बी.ए. प्रथम वर्ष

ये शिक्षक कहलाते है

रोज सुबह मिलते है इनसे,
क्या हमको करना है ये बतलाते है।
ले के तस्वीरें इन्सानों की,
सही गलत का भेद हमें ये बतलाते है।
कभी डांट तो कभी प्यार से,
कितना कुछ हमको ये समझाते है।
है भविष्य देश का जिनमें,
उनका सबका भविष्य ये बनाते है।
है रंग कई इस जीवन में,
रंगों की दुनिया से पहचान ये करवाते है।
खो ना जाए भीड़ में कही हम,
हम को हम से ही ये मिलवाते है।
हार-हार के फिर लड़ना ही जीत है सच्ची,
ऐसा एहसास ये हमको करवाते है।
कोशिश करते रहना हर पल,
जीवन का अर्थ हमें ये बतलाते है।
देते है नेक मंज़िल भी हमें,
राह भी बेहतर हमें ये दिखाते है।
देते है ज्ञान जीवन का,
काम यही सब है इनका,
ये शिक्षक कहलाते है, ये शिक्षक कहलाते है।

तन्नु
बी.ए. द्वितीय वर्ष

स्वस्थ जीवन शैली का महत्त्व

स्वस्थ जीवन शैली व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में लोग अपने स्वास्थ्य को नजर अंदाज कर देते है, जिसका परिणाम विभिन्न बीमारियों के रूप में सामने आता है। स्वस्थ जीवन जीने के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच अत्यंत जरूरी है।

वर्तमान समय में जंक फूड, तनाव और बैठकर काम करने की आदतें लोगों को बीमार बना रही है। इसके विपरीत, यदि व्यक्ति सुबह जल्दी उठे, योग और ध्यान करे, पौष्टिक भोजन ले और समय पर सोए तो उसका शारीर और मन दोनों स्वस्थ रह सकते है। एक स्वस्थ व्यक्ति न केवल अपने लिए बल्कि समाज के लिए भी उपयोगी सिद्ध होता है।

स्वस्थ जीवन शैली न अपनाने से मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही है। इसलिए हमें बचपन से ही अच्छे स्वास्थ्य की आदतें डालनी चाहिए।

अत : यह आवश्यक हे कि हम अपने दैनिक जीवन में स्वास्थ को प्राथमिकता दें, ताकि हम एक खुशहाल, सक्रिय और लंबा जीवन जी सकें।

कशिश टाया
बी.ए. तृतीय वर्ष

माँ-बाप

माँ घर का गौरव तो पिता घर का अस्तित्व होते हैं।
माँ के पास अश्रुधारा तो पिता के पास संयम होता हैं।

दोनों समय का भोजन माँ बनाती है तो जीवन भर भोजन की व्यवस्था करने वाले पिता को हम सहज ही भूल जाते है।

कभी लगी जो ठोकर या चोट तो ''ओ माँ'' ही मुहँ से निकलता है। लेकिन रास्ता पार करते कोई ट्रक पास आकर ब्रेक लगाये तो ''बाप रे'' यही मुहँ से निकलता है।

क्योंकि छोटे-छोटे संकटो के लिए माँ है पर बड़े संकटो में पिता ही याद आते है।

पिता एक वट वृक्ष है जिसकी शीतल छाँव में सम्पूर्ण परिवार सुख में रहता है।

अनु
बी.ए. प्रथम वर्ष

विश्वास करो कर्म में

मैं निर्धनता हूँ।
तुम मुझे मिटाना चाहते हों,
या कुछ करके दिखाना चाहते हो।
पर मुझे प्रिय हो,
मैं तुम्हें प्रेम करता हूँ।
इसलिए फटे-पुराने कपड़े पहनता हूँ,
मैं तुम्हारा नसीब हूँ।
इसीलिए तुम्हारे करीब हूँ,
लेकिन तुम चाहो तो कीचड़ में कमल खिला सकते हो।
धरती आकाश मिला सकते हो,
मुझको समझो, श्रम को अपनाओ।
मैं तुम्हारी पाठशाला हूँ,
पढ़कर विश्वास करो कर्म में।
जागो उठो, जमाने को हिला दो,
इस दुनिया से अज्ञान के साथ मुझे भी मिटा दो।
देखो विश्वास तुम्हें राह दिखा रहा है।

अभिलेषा
बी.ए. प्रथम वर्ष

बलात्कार

माँ ने कहा,
रात को घर से
बाहर नहीं जाना।
कभी खिलखिला कर
मत हँसना।
किसी लड़के से
बात मत करना।
परंतु जब बलात्कार हुआ
न तो वह खिलखिला कर
हँस रही थी,
न वह घर के बाहर थी
और समय भी दोपहर का था।

नेहा
बी.ए. प्रथम वर्ष

जीवन का लक्ष्य

वह जीवन भी क्या जीवन है,
जिसमें आशा का नीर नही।
पथ पर आगे बढ़ना ही क्या,
जब लक्ष्य के लिए अधीर नही।

जीवन की कठिन परीक्षा में,
आशा ही एक सफलता है।
जीवन पथ पर आगे बढना,
वही तो जीवन की सुंदरता है।

स्वंय के लिए तो क्या जिए,
कभी औरो के लिए जीना सीखो।
पथिक के पथ प्रदर्शक बनकर,
सबको राह दिखाना सीखो।

द्वेष, दम्भ और प्रसन्नता,
मन से दूर भगाओ तुम।
हृदय की प्रसन्नता ही जीवन है,
इसका सार बनाओ तुम।

सीना
बी.ए. तृतीय वर्ष

जन-जन की आत्मा की भाषा

जन-जन की आत्मा की भाषा,
यही तो है राष्ट्र की अभिलाषा।

भिन्न-भिन्न है रूप और रंग,
फिर भी सब एक साथ,
चलते है एक संग।

कोई हिंदू, कोई मुसलमान,
पर हम सबका एक ही है अरमान।

एक ही बगिया के प्यारे फूल,
मिट्टी अपनी, न भूलें कोई मूल।

अलग-अलग बोलियाँ, अनेक त्यौहार,
पर एक ही है हमारा वतन, यही हमारा प्यार।

एकता की यह डोर न टूटे कभी,
हर दिल में जागे प्यार और रोशनी तभी।

मिलजुल कर सब आगे बढेंगे,
एकजुट होकर, हम देश को सशक्त करेंगे।

हमारी संस्कृति हमारा अभिमान,
एकता ही है भारत की शान।

पायल
बी.ए. प्रथम वर्ष

समय का महत्त्व

समय अमूल्य है। समय का कोई आरम्भ और अंत नहीं है। समय हमेशा आगे की ओर बढ़ता रहता है, वह कभी पीछे मुड़कर नहीं देखता। समय सभी के लिए नि: शुल्क होता है, लेकिन कोई भी इसे कभी भी न तो बेच सकता है, न ही खरीद सकता है। जब समय बीत जाता है तब हमें समय के महत्व का एहसास होता है। समय के दुरूपयोग से दु:ख और दरिद्रता के अलावा कुछ प्राप्त नहीं होता है। मानव जीवन में समय का बहुत महत्व होता है। जो व्यक्ति समय के महत्व को नहीं समझ पाता है, वह कभी भी अपने जीवन को सफल नहीं बना सकता।

वक्त से लड़कर जो अपना नसीब बदल दे,
इंसान वहीं है जो अपनी तकदीर बदल दे।
कल क्या होगा, कभी ना सोचो,
क्या पता कल वक्त खुद अपनी तस्वीर बदल दे.....

शिवानी
बी.ए. प्रथम वर्ष

लड़कियाँ

लड़को से समझदार होती है लड़कियाँ,
माँ- बाप के सुख-दुख में हँसती-रोती है लड़कियाँ।
आएँ कितनी भी मुश्किलें साहस न खोती है लड़कियाँ,
माँ-बाप के बुढ़ापे की लाठी है यदि लड़के,
तो उनकी आंखो की ज्योति है लड़कियाँ।
लड़के तो बिखेरते है, बिखरों को पिरोती है लड़कियाँ।
लड़को की तरह कामयाबी के सपने संजोती है,
फिर क्यो परंपराओ की बेड़ियों से बँधी होती है लड़कियाँ।
लड़के केवल एक, मगर दो घर चलाती है लड़कियाँ।
क्यो फिर भी लड़को के बराबर नहीं, समझी जाती है लड़की।
आखिर क्यो गर्भ में ही मार दी जाती है लड़कियाँ।
उन्हें भी दर्द होता है, वे भी रोती है।
लड़को की तरह, वे भी तो इंसान होती हैं।
लड़का-लड़की एक समान, पूरी शिक्षा-पूरा ज्ञान।

महक
बी.ए. प्रथम वर्ष

मेहनती किसान

एक बार बादलों की हड़ताल हो गई। बादलों ने कहा कि वे इस साल पानी नहीं बरसायेंगें। ये बात जब किसानों ने सुनी तो उन्होंने अपने हल वगैरह बाँध कर रख दिए। लेकिन एक किसान अपने नियमानुसार हल चला रहा था। कुछ बादल थोड़ा नीचे से गुजरे और किसान से बोले, ''क्यों भाई, पानी तो हम बरसाएँगे नहीं, फिर क्यों हल चला रहे हो?'' किसान बोला, ''कोई बात नहीं। जब बरसेगा, तब बरसेगा। लेकिन मैं हल इसलिए चला रहा हूँ कि इस साल मैं कहीं हल चलाना न भूल जाऊँ।'' अब बादल भी घबरा गए कि कहीं हम भी बरसना न भूल जाएँ, तो वे तुरंत बरसने लगे और उस किसान की मेहनत जीत गई। जिन्होंने सब सामान बाँधकर रख दिया था वे हाथ मलते ही रह गए। इसीलिए लगे रहो। भले ही परिस्थितियाँ अभी हमारे विपरीत हो, लेकिन आने वाला समय नि:संदेह हमारे लिए अच्छा होगा।

इससे हमे शिक्षा मिलती है कि कामयाबी उन्हीं को मिलती है जो विपरीत परिस्थितियों में भी मेहनत करना नहीं छोड़ते है।

वर्षा
बी.ए. द्वितीय वर्ष

माँ

माँ तेरी ममता अमृत-सी धारा,
तेरे बिना जीवन सूना और बंजर सारा।

तेरी लोरी में संगीत समाया,
तेरे बिना हर दिल रोया, घबराया।
माँ तू सूरज, माँ तू चाँदनी,
तेरे बिना जग में खुशियाँ अधूरी।

तेरी दुआ से हर राह सँवरती,
तेरी मुस्कान से दुनिया निखरती।
माँ तू उपवन की मधुर सुगंध,
तेरे चरणों में मिलता आनंद।
तेरी ममता से ही जीवन खिलता,
माँ तुझ में ही ईश्वर का रूप दिखता।

प्रिया
बी.ए. तृतीय वर्ष

उड़ान

1. सपनो की डोरी थामे जब इंसान चलता है,
   हर मुश्किल से लड़कर आगे बढ़ता है।
   हौंसलो के पंख उसे ऊँचा उड़ाते है,
   विश्वास की रोशनी रास्ते दिखाती है।
2. अँधेरों की चादर चाहे कितनी गहरी हो,
   सूरज की किरण हर ओर फैली हो।
   जो हिम्मत न हारे, वही जीत पाता है,
   जो ठोकर खाकर उठे, वही मुकाम बनाता है।
3. जीवन की राहें फूलो-सी आसान नहीं होती है,
   काँटो की चुभन भी सफर में शामिल होती है।
   पर मेहनत का फल सदा मीठा होता है,
   हर संघर्ष के बाद सवेरा होता है।
4. रिश्तो की डोर हमें बाँधे रखती है,
   ममता, स्नेह, प्रेम ही ताकत देती है।
   जो साथ निभाए, वही अपना कहलाता है,
   सच्चा रिश्ता हर दिल को भाता है।
5. तो आओ मिलकर नई उड़ान भरें,
   सपनो को साकार करने का प्रण करे।
   हिम्मत और मेहनत से रोशन करें जहाँ,
   नई पीढ़ी को दें उम्मीदो का आसमाँ।

मलकीत
बी.ए. द्वितीय वर्ष

सपनों में रख आस्था

सपनों में रख आस्था, कर्म तू किए जा,
त्याग से ना डर, आलस का परित्याग किए जा।

गलती कर, ना घबरा,
गिरकर फिर हो जा खड़ा।

समस्याओं को रास्तों से निकाल दे,
चट्टान भी हो तो ठोकर से उछाल दे।

रख हिम्मत तूफानों से टकराने की,
जरूरत नहीं है किसी मुसीबत से घबराने की।

जो पाना है, बस उसकी एक पागल की तरह चाहत कर,
करता रह कर्म, मगर साथ में खुदा की इबाबत भी कर।

फिर देख किस्मत क्या-क्या रंग दिखलाएगी,
तुमको तेरी मंजिल मिल जाएगी, मंजिल मिल जाएगी।

शायना
बी.ए. तृतीय वर्ष

हिन्दी की शादी

'Hindi' की शादी हुई.....

'बड़ी मात्रा' में लोग आए.....

पर खाना 'छोटी मात्रा' में था.....

रिश्तेदारों की तरह Grammer कभी समझ में नहीं आई.....

Math वालों ने p- p जोड़कर शगुन दिया.....

Physics वालों ने force लगाया,

Biology वालों ने प्यार समझाया.....

Economics वालों ने बजट बनाया.....

Accounts वालों ने हिसाब लगाया.....

रोक्शी मेहला
बी.ए. द्वितीय वर्ष

मैं हैरान हूँ

मैं हैरान हूँ यह सोचकर,
किसी औरत ने उंगली नहीं उठाई,
तुलसी दास पर, जिसने कहा –
''ढोल, गँवार, शूद्र, पशु, नारी,
ये सब ताड़न के अधिकारी।''

मैं हैरान हूँ
किसी औरत ने
नहीं जलाई 'मनुस्मृति'
जिसने पहनाई उन्हें
गुलामी की बेड़ियाँ।

मैं हैरान हूँ
किसी औरत ने धिक्कारा नहीं
उस 'राम' को
जिसने गर्भवती पत्नी को
परीक्षा के बाद भी
निकाल दिया घर से बाहर
धक्के मार कर।
किसी औरत ने लानत नहीं भेजी
उन सब को, जिन्होनें
'औरत को समझ कर वस्तु'
लगा दिया था दाँव पर,
होता रहा 'नपुंसक' योद्धाओं के बीच
समूची औरत जाति का चीरहरण।

मैं हैरान हूँ यह सोचकर,
किसी औरत ने किया नहीं
संयोगिता–अंबा–अंबालिका के
दिन दहाड़े अपहरण का विरोध
आज तक !

शायना
बी.ए. तृतीय वर्ष

युद्ध और शांति

धधकती धरती, जलता गगन,
क्यों फिर उठा है युद्ध का रण ?
जहाँ कभी थी हँसी की धुन,
आज वहाँ है केवल क्रंदन।

टूटे घर और बिखरे सपने,
आँखो में है दर्द अपने,
माँ की ममता रोती चुपचाप,
बच्चों के मन में डर का ताप।

सीमाओं की ये खींची रेखा,
क्यों बन जाती है मौत की लेखा ?
क्यों मानव से लड़ता,
अपनों का ही खून बहाता ?

विज्ञान, बना है वरदान कभी,
पर क्यों बने विनाश अभी ?
हथियारों की इस अंधी दौड़ में,
खो गया इंसान खुद की खोज में।

आओ मिलकर प्रतिज्ञा लें,
नफरत की दीवारें हम तोड़ें।
शांति का दीप फिर से जलाएं,
प्रेम का संदेश जग में फैलाएं।

कोमल
बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष

आंतकवाद

खामोशी में छुपा हुआ शोर है,
आतंकवाद एक गहरा घाव और है।
नजर नहीं आता, पर डराता है,
हर दिल में खौफ बसा जाता है।

न धर्म इसका, न कोई जात,
फिर भी करता मानवता पर घात।
मासूमों का खून बहाता है,
अपनों को ही रुलाता है।

बमों की आवाज में दब जाती हँसी,
खो जाती है बचपन की हर खुशी।
माँ की गोद सूनी हो जाती,
आँखे बस आँसू ही बरसाती।

पर अँधेरा चाहे कितना भी गहरा हो,
उजाले का रास्ता सुनहरा हो।
हमें मिलकर इस लड़ाई को लड़ना है,
शांति की राह को आगे बढ़ाना है।

तनु
बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष

मोबाइल की लत

हाथों में हर वक्त मोबाइल,
आखों में बस स्क्रीन का जाल।
दुनिया का रिश्ता टूट गया,
वर्चुअल बन गया हर ख्याल।
सुबह उठते ही फोन उठाते,
रात को भी साथ सुलाते हैं।
अपनों से बातें हम करते नहीं ,
ऑनलाइन दोस्त बनाते हैं।
खेलकुद सब भूल गए हम,
हँसी कहीं अब खो सी गई।

एक छोटी सी स्क्रीन के पीछे,
जिंदगी जैसे सो सी गई।
आओ अब ये ठान लें हम,
थोड़ा समय खुद को देगे।
मोबाइल से दूरी बनाकर,
अपनों के संग पल जिएंगे।

लविना
बी.ए. तृतीय वर्ष

सपनों की उड़ान

सपनों के पंख लगाकर
मन आसमान को छू जाता।
छोटी सी चाहत दिल में लेकर,
इंसान बड़ा बन जाता।
रातों की खामोशी में,
कुछ ख्वाब जगमगाते हैं
अंधेरों से लड़ने का साहस,
ये ही हमे सिखाते है।
कभी गिरकर टूट भी जाएं,
तो क्या हुआ, फिर उठना है।
सपनो की राह कठिन सही,
पर हिम्मत से ही चलना है।
हर मंजिल की शुरुआत में,
एक सपना जरूरी है।
बिना सपनों के जीवन में,
हर खुशी अधूरी है।

जानशी
बी.ए. तृतीय वर्ष

जुनून..... उड़ान हौसलों की

जब पूछा चिड़िया से कि कैसे बनाया आशियाना ?
बोली – भरनी पड़ती है उड़ान बार–बार,
और तिनका–तिनका उठाना होता है।
यूँ ही नहीं मिलती राही को मंजिल,
एक जुनून दिल में जगाना होता हैं।

सलोनी
बी.ए. प्रथम वर्ष

शिक्षा और संस्कार

डिग्रियाँ तो बहुतों के पास है,
पर आचरण से पहचान होती है।
संस्कारों की खुशबु से ही,
व्यक्ति की असली शान होती है।

शिक्षा देती है ज्ञान हमें,
संस्कार देते है सही राह।
एक के बिना दूसरा अधूरा,
दोनों से बनती जीवन की चाह।

बड़ो का आदर, छोटों से प्यार,
यही तो सच्चे संस्कार है।
शिक्षा के साथ अगर ये हो,
तो जीवन के के हर रंग साकार है।

आओ मिलकर ये ठान लें,
ज्ञान के संग संस्कार अपनाएँगे।
सिर्फ पढ़े-लिखेंगे ही नहीं,
अच्छे इंसान भी बन जाएंगे।



अनामिका
बी.ए. तृतीय वर्ष

बुजुर्गों का सम्मान

घर की छाया होते है बुजुर्ग,
अनुभव का भंडार होते है।
उनके आशीर्वाद के बिना,
जीवन के रंग अधूरे होते है।

चलना आज सिखाया जिन हाथों ने,
आज वही सहारा चाहते है।
जिनकी ऊँगली पकड़कर बढ़े हम,
वो अब हमारा साथ चाहते है।

उनकी बाते भले ही पुरानी हो,
पर उनमें गहरी सीख छुपी है।
जीवन के हर मोड पर उनकी,
सलाह सबसे सच्ची होती है।

ना ठुकराओं उनकी भावनाओं को,
ना उन्हें कभी अकेला छोड़ो।
प्यार व सम्मान देकर,
उनका जीवन भी अपने पन से जोड़ो।

आओ मिलकर ये ठान ले,
बुजुर्गों का मान बढ़ाएँगे,
उनके चेहरे की हर मुस्कान को,
अपना फर्ज समझकर निभाएँगे।

सेजल
बी.ए. तृतीय वर्ष

भागदौड़ भरी जिंदगी

भागदौड़ भरी इस जिन्दगी में,
हर कोई कहीं खोया है।
समय के पीछे दौड़ता इंसान,
खुद से ही अब रोया है।

सुबह से लेकर शाम तक,
बस कामों की कतार है।
सुकून के दो पल भी जैसे,
अब बन गए उधार है।

हँसी कहीं गुम सी हो गई,
चेहरे थके-थके से हैं।
भीड़ में रहते हुए भी लोग,
अंदर से कितने अकेले है।

रिश्तो की गर्माहट घटती,
बातें भी अब कम होती है।
मोबाइल की दुनिया में उलझकर,
दिल की दूरी बढ़ती है।

चलो थोड़ा ठहरें हम,
जिन्दगी को महसूस करें,
अपने और अपनों के संग,
कुछ पल सुकुन के जरूर जिएं।

शीतल
बी.ए. तृतीय वर्ष

बदलता मौसम

बदलता मौसम कुछ कहता है,
चुपके-चुपके से बहता है।
कभी धूप में तपता तन,
कभी ठंडी हवा सा रहता है।

पेड़ो की छाया कम होती,
नदियों का पानी घटता है,
इंसान अपनी गलती से,
प्रकृति का संतुलन खोता है।

कभी अचानक आँधी आए,
कभी बिना बादल बारिश हो,
मौसम का ये रूप अनोखा,
जैसे हर पल नई साजिश हो।

आओ मिलकर प्रण ये लें,
धरती को फिर से सँवारेंगे।
पेड़ लगाकर, प्रेम बढ़ाकर,
मौसम को फिर निखारेंगे।

आँचल
एम.ए. प्रथम वर्ष

काला टीका

नन्हें चेहरे पर काला टीका,
माँ का प्यार अनोखा-सा।
बुरी नजर से बचाने वाला,
एक छोटा सा धोखा - सा।

मासूम हँसी, चमकती आँखें,
सबको अपनी ओर बुलाती हैं।
नजर न लगे इस चाँद से बच्चे को,
माँ मन ही मन दुआएँ करती है।

गालों पर वो छोटा सा निशान,
प्यार की गहरी पहचान है।
परंपरा भी, विश्वास भी,
ममता का ये सम्मान है।

काला टीका सिर्फ निशानी नहीं,
दिल की सच्ची भावना है।
माँ के आशीर्वाद में छुपी,
हर बच्चे की सुरक्षा की कामना है।

पुनम रानी
एम.ए. प्रथम वर्ष

गाँव और शहर की कहानी

एक तरफ है गाँव सुहाना,
मिट्टी की खुशबू प्यारी।
खेतों में लहराती फसलें,
हरियाली है न्यारी।

सुबह-सुबह चिड़ियों की चहक,
मन को सुकून दिलाती है।
सादा जीवन, मीठी बातें,
दिल को पास बलाती है।

दूसरी ओर है शहर चमकता,
रोशनी में डूबा सारा।
ऊँची-ऊँची इमारतों में,
बसता है सपना हमारा ।

हर पल भागदौड़ यहाँ है,
समय का भी अभाव है।
सुविधाएँ तो बहुत मिलती,
पर सुकून का अभाव है।

गाँव में दिल जुड़ जाते है
रिश्ते सच्चे होते हैं,
शहर में भीड़ बहुत होती,
पर लोग अकेले होते है।

आओ समझें दोनों की कीमत,
ना किसी को कम आँके।
जहाँ दिल को शांति मिल जाए,
वही अपना घर मानें।

नेहा
बी.ए. तृतीय वर्ष

मेकअप

आईने के सामने खड़ी वो,
रंगों से खुद को सजाती है।
हर ब्रश की हल्की छुअन से,
नई पहचान बनाती है।

लिपस्टिक की हल्की मुस्कान,
आँखों में काजल की कहानी।
चेहरे पर चमकती रोशनी,
जैसे हो कोई चाँद की रानी ।

मेकअप सिर्फ रंग नहीं है,
ये आत्मविश्वास का रूप है।
अपने आप को निखारने का,
एक खूबसूरत सा स्वरूप है।

पर याद रहे इस चमक में,
असली चेहरा न छुप जाए।
सच्ची सुंदरता वही है,
जो दिल से बाहर आए।

ना ज्यादा, ना कम हो श्रृंगार,
बस संतुलन का हो विचार।
मेकअप तब ही सुंदर लगे,
जब सादगी का हो साथ अपार ।

खुद से प्यार ही सबसे बड़ा मेकअप,
यही है सबसे खास बात।
जो इसे समझ गया जीवन में,
वही है सच में खुशहाल और निहाल।

प्राची
एम.ए. प्रथम वर्ष

ए-आई का असर



सोच रही अब मशीनें भी,
ये कैसा नया जमाना है।
इंसान की इस वृद्धि ने,
खुद को ही पहचाना है।

एक क्लिक में काम हो जाए,
घंटों का सफर पल में सिमट जाए।
ए–आई के इस जादू से अब,
हर मुश्किल भी आसान हो जाए।

पर कही ये डर भी छुपा है,
क्या हम पीछे रह जांएगे ?
अपनी ही बनाई दुनिया में,
क्या हम खुद ही खो जांएगे।

तकनीक अच्छी, काम भी अच्छे,
बस इसका सही इस्तेमाल हो।
इंसानियत दिल में सबसे ऊपर रहे,
दिल में सच्चा ख्याल हो।

चलो मिलकर यह चुने हम,
ज्ञान और समझ बढ़ाएं।
ए–आई के इस नए सफर में,
इंसानियत को साथ में निभाएँ।

आँचल
बी.ए. तृतीय वर्ष

सोशल मीडिया का जादू

जादू है ये सोशल मीडिया,
सबको अपने पास बुलाता।
हँसी-खुशी सपनो की दुनिया,
हर दिल को ये लुभाता।
हर कोई यहाँ दिखता खुश,
चेहरों पर मुस्कान सजी।
पर अंदर के हालातों की,
किसी को भी खबर नहीं।
लाइक्स की गिनती बढ़ती जाए,
दिल का सुकून घटता जाए।
दूसरों से खुद को तोलते – तोलते,
अपना वजूद ही मिटता जाए।
आओ अब इस जादू से,
थोड़ा खुद को आज़ाद करें।
अब सच्ची खुशियों की तलाश में,
अपनों के संग समय बिताएँ।

कशिश
बी.ए. तृतीय वर्ष

जीवन का सफर

जीवन एक अनंत कहानी,
जिसकी हर पंक्ति अनजानी।
कभी धूप का उजला चेहरा,
कभी छाँव की ठंडी निशानी।
कभी हँसी के रंग बिखरते,
कभी आँखों में आँसू आते।
हर पल कुछ सिखलाता हमको,
हर लम्हें अनुभव दे जाते।
रास्ते कभी सरल नहीं होते,
काँटो से भी भरे मिलेंगे।
पर जो हिम्मत रखकर चले दे,
वो ही मंजिल को छू लेंगे।
सपनो को सच करना है तो,
नींद से रिश्ता तोड़ो।
मेहनत को अपना साथी बनाकर,
हर बाधा से नाता तोड़ो।
हर दिन एक नया अवसर है,
कुछ नया कर दिखाने का।
अपने भीतर छिपी शक्ति को,
दुनिया के सामने लाने का।
नफरत को दिल से दूर करो,
प्रेम का दीप जलाओ।
इस सुंदर से जीवन को,
खुशियों से भर जाओ ।
आखिर में बस इतना समझो,
जीवन एक अनमोल उपहार है।
इसे व्यर्थ न जाने देना,
यही सबसे बड़ा विचार है।

पायल
बी.ए. प्रथम वर्ष

संघर्ष से सफलता तक

जब जीवन की राहो में,
अंधेरा घना छा जाता है।
हर सपना टूटता दिखता,
हर अपना भी दूर चला जाता है।
समय की कदर करना सीख,
ये कभी लौटकर नही आता।
जो इसे यूं ही गंवा देता है,
वो जीवन में कुछ नहीं पाता।
मेहनत को अपना धर्म बना,
और कर्म को पूजा मान लो।
अपने लक्ष्य की राह में,
हर बाधा को आसान मान लो।
जब थक जाए तेरा मन कभी,
तो खुद से ही बात कर लेना।
अपने भीतर की आवाज को,
एक बार फिर जागृत कर लेना।
क्योंकि तू ही अपनी ताकत है,
तू ही अपनी पहचान है।
तेरे अंदर ही छुपा हुआ,
तेरी जीत का अरमान है।
तो चल उठ, अब देर न कर,
अपने सपनों को साकार कर।
संघर्ष को अपना साथी बना,
और जीवन को शानदार कर।

शालू
बी.ए. प्रथम वर्ष

मैं आज की नारी हूँ

समझों नहीं मुझे अबला,
ना मैं कोई बेचारी हूँ।
सक्षम हूँ, खुद्दार हूँ,
सम्मान से जीने वाली हूँ।
ममतामयी, आत्मविश्वासी,
मैं आज की नारी हूँ...

उठे अगर चरित्र पर सवाल,
ना चुपचाप रहने वाली हूँ।
खोकर मैं अपना स्वाभिमान,
ना अग्नि परीक्षा देने वाली हूँ।
मैं आत्म सम्मान के लिए,
आवाज उठाने वाली हूँ।
मैं आज की नारी हूँ...

होगा महफिल में अपमान,
ना कृष्ण को बुलाने वाली हूँ।
ना दांव पर लगाने का अधिकार,
किसी को देने वाली हूँ।
मैं आत्मरक्षा के लिए,
तलवार उठाने वाली हूँ।
मैं आज की नारी हूँ...

सम्मान करूँगी संस्कारों का,
ना अपनी संस्कृति भूलने वाली हूँ।
रूढ़िवादी परंपराओं की बेड़ियों में,
ना मैं बँधने वाली हूँ।
घर की जिम्मेदारी संभालते हुए,
स्वच्छंद उड़ान भरने वाली हूँ।
मैं आज की नारी हूँ...

मनीषा
एम.ए. तृतीय वर्ष

गैस की किल्लत

सुबह-सुबह चूल्हा ठंडा है,
रसोई में सन्नाटा गहरा है।
सिलेंडर खाली चिंता भारी,
हर घर में जैसे अँधियारा है।

लाइन में खड़े हैं लोग यहाँ,
घंटों से बस इंतज़ार है।
कब आएगा नंबर अपना,
हर चेहरे पर यही सवाल है।

महँगाई की मार अलग से,
जेब भी अब जवाब दे गई।
रोटी पकाना हुआ कठिन,
जिंदगी जैसे थम-सी गई।

माँ की आँखों में चिंता है,
बच्चों को कैसे समझाए।
भूखे पेट की इस पीड़ा को,
किस शब्दों में वह बतलाए।

शहर हो या फिर गाँव,
सबकी यही कहानी है।

गैस की इस किल्लत से,
हर घर में परेशानी है।

आओ मिलकर सोचें हम,
इसका कोई समाधान करें,
संसाधनों का सही उपयोग,
और उर्जा का सम्मान करें।

आँचल
एम.ए., तृतीय वर्ष

महंगाई

दिन-प्रतिदिन बढ़ती कीमते,
जीवन को कर रही कठिन।
रोटी, कपड़ा और मकान भी,
हो गए जैसे अब दुर्लभ धन।

सब्ज़ी, दाल और तेल के दाम,
छू रहे हैं आसमान।
आम आदमी सोच में डूबा,
कैसे चलेगा अब घर-परिवार।

जेब हुई है खाली-खाली,
ख्वाहिश रह गई अधूरी।
मेहनत करने वाला इंसान का भी,
महँगाई में जीना है मजबूरी।

बच्चों की छोटी-छोटी चाहत,
अब लगती हैं बोझ भारी,
माँ-बाप की आँखों में दिखती,
चिंता की गहरी लाचारी।

हर रोज का यही संघर्ष,
जीवन बन गया है जंग।

महंगई की इस मार ने,
छीन लिया है, सुख का रंग।

फिर भी उम्मीद बाकी है,
सवेरा फिर आएगा।
संघर्ष और हौसले से,
हर इंसान मुस्कुराएगा।

रीना
एम.ए., प्रथम तृतीय वर्ष

फैशन का दौर

नए-नए रंग, नए अंदाज,
हर दिन बदलता है आज का साज़।
फैशन का ये चलता दौर,
सबको करता अपनी ओर।

कपड़ो में अब पहचान नई,
हर चेहरे पर है कहानी नई।
स्टाइल में जीने की चाहत है,
दुनिया से अलग दिखने की आदत है।

कभी सादगी थी जिसकी शान,
अब चमक-दमक में है पहचान।
ब्रांड्स और ट्रेंड्स के इस खेल मे,
खो जाता है असली इंसान।

मोबाइल और सोशल मीडिया पर,
फैशन का चलता है राज।
हर कोई बनना चाहता है,
आज का सबसे बड़ा स्टार।

पर याद रखो इस भाग-दौड़ में,
अपनी असलियत मत भूलो।
फैशन अच्छा है, पर इतना नही,
कि खुद को ही तुम खो दो।

सादगी में भी होती है खूबसूरती,
ये बात समझनी होगी।
फैशन के इस बदलते दौर में,
अपनी पहचान बचानी होगी।

काजल
एम.ए. प्रथम वर्ष

माँ

माँ तो जन्नत का फूल है,
प्यार करना उसका उसूल है।
दुनिया की मोहब्बत फिजूल है,
माँ की हर दुआ कबूल है।
माँ को नाराज करना, इन्सान की भूल है।
माँ के कदमों की मिट्टी, जन्नत की धूल है ...
माँ से ही भगवान है, और माँ से ही हम है....

मुस्कान
एम.ए. तृतीय वर्ष

अन्तिम कोशिश

पुराने समय में एक राजा के राज्य को चारों ओर से शत्रुओं ने घेर लिया था। राजा के पास शत्रुओं के मुकाबले बहुत कम सैनिक थे। इस वजह से राजा की सेना बहुत समय तक शत्रुओं से लड़ नहीं सकी। राजा किसी तरह शत्रुओं से बचकर एक गुफा में छिप गया। शत्रुओं के सैनिकों ने सोचा कि राजा भी उस गुफा में छिपा होगा तो उन्होने बड़े-बड़े पत्थरो से गुफा का दरवाजा बंद कर दिया। गुफा के अंदर से राजा ये सब देख रहा था, लेकिन शत्रुओं की संख्या अधिक थी, इसलिए वह चुपचाप बैठा रहा। राजा थका हुआ था। भूख-प्यास की वजह से वह निराश हो गया था। उसके शरीर में शक्ति नहीं बची थी। शत्रुओं के सैनिक गुफा का द्वार बंद करके वहां से चले गए। इसके बाद राजा ने सोचा कि अब तो मेरा जीवन यहीं खत्म हो जाएगा। वह गुफा से कभी बाहर नहीं निकल पाएगा। राजा निराश हो चुका था, तभी उसे अपनी माँ की बात याद आई।

राजा की माँ कहा करती थी कि कुछ तो कर, यू ही मत मर। ये बात याद आते ही राजा को एक नई ऊर्जा मिल गई। उसने सोचा कि कोशिश किए बिना हार नहीं माननी चाहिए। राजा ने गुफा के द्वार से पत्थरों को हटाने का काम शुरू कर दिया। कड़ी मेहनत के बाद राजा ने बड़े-बड़े पत्थर खिसकाकर बाहर निकलने का छोटा सा रास्ता बना लिया। गुफा से बाहर निकल कर राजा अपने मित्र राजाओं के पास पहुंचा। मित्र राजाओं की मदद से उसने अपने शत्रुओं को पराजित कर दिया और अपना राज्य वापस प्राप्त कर लिया।

सीख : हमें अंतिम समय तक कोशिश करते रहना चाहिए। असफल होने पर फिर से प्रयास जरूर करना चाहिए। जब तक सफलता न मिल जाए कोशिश करते रहना चाहिए।

शायना
बी.ए. तृतीय वर्ष

बेटी

जब-जब जन्म लेती है बेटी,
खुशियाँ साथ लाती है बेटी।
ईश्वर की सौगात है बेटी,
सुबह की पहली किरण है बेटी।
तारो की शीतल छाया है बेटी,
आँगन की चिड़िया है बेटी।
त्याग और समर्पण सिखाती है बेटी,
नये नये रिश्ते बनाती है बेटी।
जिस घर जाए, उजाला लाती है बेटी,
बार-बार याद आती है बेटी।
बेटी की कीमत उनसे पूछो,
जिनके पास नहीं है बेटी।

संजना
बी.ए. प्रथम वर्ष

जीवन की राह

जीवन एक अनजानी राह,
कभी धूप तो कभी छाँव की चाह।
कभी हँसी के रंग बिखरते हैं,
कभी आँसू भी साथ चलते हैं।

हर पल नई कहानी है,
हर मोड़ पर नई निशानी हैं।
गिरकर उठना सिखाता हैं,
संघर्ष ही हमें बनाता हैं।

सपनों को पंख लगाओं तुम,
हिम्मत से आगे बढ़ जाओ तुम।
अंधेरा चाहे जितना गहरा हो,
एक दिन उजाला लाओं तुम।

मत डरना कठिनाओं से,
ये ही तो जीवन का सार हैं।
जो चलते रहते हैं आगे,
वे सच्चे हकदार है।

जीवन एक सुंदर उपहार हैं,
इसे जीना ही असली प्यार हैं।
हर पल को खुशियों से भर दो,
यही जीवन का असली आधार हैं।

कशिश
बी.ए. द्वितीय वर्ष

उम्मीद की किरण

अंधेरों में भी एक उजाला होता है,
हर रात के बाद सवेरा होता हैं।
मुश्किले चाहे कितनी भी आएं,
हर दर्द का एक सवेरा होता हैं।

टूटे हुए सपनों को फिर सजाओ,
हिम्मत से नई राह बनाओ।
गिरकर भी जो उठ जाते हैं,
वही लोग इतिहास रचाते हैं।

हवा के संग जो बह जाते हैं,
वो कभी किनारा नहीं पाते हैं।
जो तूफानों से टकराते हैं,
वो ही अपनी पहचान बनाते हैं।

मन में विश्वास जगाओं तुम,
अपने लक्ष्य को अपनाओ तुम।
हर मुश्किल को आसान बनाकर,
जीवन में आगे बढ़ जाओ तुम।

उम्मीद की ये छोटी सी लौ,
अंधकार को मिटा सकती हैं।
अगर दिल में हो सच्चा हौसला,
तो दुनिया भी झुका सकती हैं।

कोमल शर्मा
बी.ए. द्वितीय वर्ष

दोस्ती

दोस्ती एक मीठा अहसास है,
हर रिश्ते से ये कुछ खास है।
ना कोई शर्त, ना कोई बंधन,
बस दिल से दिल का विश्वास हैं।

हँसी में जो साथ हँसते हैं,
ग़म में भी हाथ थामते हैं।
सच्चे दोस्त वही होते हैं,
जो हर हाल में साथ निभाते हैं।

छोटी-छोटी बातों में खुशियाँ,
और बड़ी मुश्किलों में सहारा हैं।
दोस्ती वो दीपक है,
जो अँधेरे में भी उजियारा है।

कभी रूठना, कभी मनाना,
यही तो इसका प्यारा अफसाना।
हर पल यादगार बना देता,
दोस्ती का रिश्ता सुहाना।

दोस्ती ही जीवन की पहचान हैं।
इससे ही तो मुस्कान है।
सच्ची दोस्ती मिल जाए अगर,
तो जीवन सच में आसान हैं।



शायना
बी.ए. तृतीय वर्ष

गुरू शिष्य की कहानी



शिष्य ने गुरू से कहा, ''गुरूदेव, एक व्यक्ति ने आश्रम में एक गाय दान की है।'' गुरू ने कहा, ''चलो अच्छा है, दूध पीने को मिलेगा। एक सप्ताह के बाद शिष्य फिर आकर बोला, ''गुरू जी, जिसने गाय दान की थी, वह अपने गाय वापस ले गया।'' गुरू जी ने कहा, ''चलो अच्छा हुआ, गोबर उठाने के झंझट से मुक्ति मिली।'' तात्पर्य यह कि जो व्यक्ति हर हाल में राजी हो, उसे कोई दुख कैसे दुखी कर सकता है। परिस्थिति बदले तो अपनी मन: स्थिति को बदल लो। बस दु:ख सुख में बदल जाएगा, सुख दु:ख। सिर्फ मन के ही तो समीकरण है। बस हमारा दृष्टिकोण सकारात्मक होना चाहिए ।

आँचल
बी.ए., प्रथम वर्ष

CULTURAL MIRROR

CULTURAL MIRROR

CULTURAL MIRROR

GLIMPSES OF NATIONAL SEMINARS

संस्कृत अनुभागः



विना वेदं विना गीतां, विना रामायणीं कथाम्।
विना कविं कालीदासं, भारतं भारतं न हि।।

– **सुभाषितानि**

सम्पादिका
डॉ॰ कमलेश

छात्रा सम्पादिका
कु॰ प्रिया

अनुक्रमणिका

क्र.	लेख	लेखक	पृष्ठसं.
1.	सम्पादकीय – भारतीय काल गणना की श्रेष्ठता	डॉ० कमलेश	3
2.	मानसं मम विकसितं कुरु	शीना	4
3.	चिदा भास	प्रीति	4
4.	अये मानवः! नैव जानासि?	नीतू	4
5.	त्वमेव माता, पिता त्वमेव त्वमेव बन्धुः सखा त्वमेव	अभिलाषा	5
6.	प्रार्थना	मीनाक्षी	5
7.	शिक्षायाः महत्वम्	प्रिया	6
8.	स्मृतिसौरभम्	आंचल	6
9.	भारतम् भारतम् भवतु भारतम्	अन्जू रानी	6
10.	यदि संस्कृतं न भवति	मीनाक्षी	7
11.	बुद्धिमान् शिष्याः	आंचल	7
12.	गीर्वाण भारती (अथ स्वागतम्)	ईशा	7
13.	जीजीबाई-एका वीरपत्नी	तनिषा	8
14.	परोपकाराय सतां विभूतय	रीना	8
15.	विद्यार्थी जीवन में व्यर्थ की नींदं एवं आलस्य	मुस्कान	9
16.	दूरदर्शनस्य लाभाः नष्टाः च	आंचल	9
17.	यज्ञ प्रेमियों के लिए यज्ञ के उत्कृष्ट सूक्तियाँ	तनु	10
18.	नूतन संस्कृत वस्तु शब्दकोषः	मनीषा	11
19.	अति सुन्दर, सनातन घड़ी	अभिलाषा	12
20.	चिकित्सकस्य धर्मः	नेहा	12

सम्पादकीय - भारतीय काल गणना की श्रेष्ठता

डॉ० कमलेश
सहायक प्रोफेसर, संस्कृत

गणित में कोई भी संख्या...1 से 10 तक के सभी अंको से नही कट सकती, लेकिन इस विचित्र संख्या को देखियेगा ... ।

संख्या 2520 अन्य संख्याओं की तरह..... वास्तव में एक सामान्य संख्या नही है, यह वो संख्या है जिसने विश्व के गणितज्ञों को.... अभी भी आश्चर्य में किया हुआ है... !!

यह विचित्र संख्या 1 से 10 तक प्रत्येक अंक से भाज्य है, चाहे वो अंक सम हो या विषम हो। ऐसी संख्या जिसे इकाई तक के किसी भी अंक से भाग देने के उपरांत शेष शून्य रहे, बहुत ही असम्भव/ दुर्लभ है- ऐसा प्रतीत होता है.. !!

2520÷1 = 2520

2520÷2 = 1260

2520÷3 = 840

2520÷4 = 630

2520÷5 = 504

2520÷6 = 420

2520÷7 = 360

2520÷8 = 315

2520÷9 = 280

2520÷10 = 252



महान गणितज्ञ अभी भी आश्चर्य चकित है : 2520 वास्तव में एक गुणनफल है <<7×30×12>> का उन्हें और भी आश्चर्य हुआ जब प्रमुख गणितज्ञ द्वारा यह संज्ञान में लाया गया कि संख्या 2520 हिंदू संवत्सर के अनुसार....एक मात्र यही संख्या है, जो वास्तव में उचित बैठ रही है;

जो इस गुणनफल से प्राप्त है.....

सप्ताह के दिन (7) × माह के दिन (30) × वर्ष के माह (12)..... = 2520

यही है :- भारतीय काल गणना की श्रेष्ठता।

सनातन धर्म की श्रेष्ठता।

मानसं मम विकसितं कुरु

मानसं मम विकसितं कुरु
मानसचर हे।
कुरु निर्मलम उज्ज्वलम् अयि
चिर सुन्दर हे।
उद्यतम् अतिप्रबुद्धम् अपि
निर्भयं कुरु हे।
सुशिवम् अनलसम् अति
निःसंशयं कुरु हे।
आन्तरं मम विकसितं कुरु
आन्तरन्तर हे।
योजय मां निखिलसङ्गे
मुञ्च हे मम बन्धनम्।
सञ्चारय सकलकर्मसु
शान्तं तवच्छन्दः।
चरणपद्मे चित्तं मम
निष्पन्दितं कुरु हे।
कुरु नन्दितम् अतिनन्दितम्
अभिनन्दितम् हे।
आन्तरं मम विकसितं कुरु
आन्तरतर हे।

शीना
बी.ए. तृतीय वर्ष

विद्या भास

हे मातः ललिते प्रकाशकमले हे वेदसारत्मिके
हे कैलासनिरिप्रभे शिवशिवे हे ज्ञानमन्त्रात्मिके।
मातः लोकहिते महाजनहिते मा पहि सर्वात्मिके
आर्ये भक्तिरसामृतप्रदशिवे हे गौरि तभ्यन्नमः।।
श्रीमातः ललिताम्बिके निरूपमे
सौभाग्यलोकाम्बिके ज्ञानानन्त महामते
शिवमते ज्ञानप्रदे देवि भो।
मां पाहि त्रिपुराम्बिके त्रिविजये सदुद्धिसिद्धिप्रदे
पूर्णेन्द्रप्रवारक्षि शोभनवपुः पूर्णे सदा पाहि माम्।।
वाग्देवी विजयप्रदां शुककरीं विज्ञानशोभा–प्रदा
वार्णी पुस्तकधारिणी सुनयनां
भाषाप्रदां शारदां विद्याभाग्यंविलेखिकां
गुणधिंभ पूर्णा गुरुणां वरां ज्ञानानन्दसरस्वती
भगवतीं वन्दे जगत्यावनीम्।।

प्रीति
बी.ए. प्रथम वर्ष

अये मानवः! नैव जानासि?

पर्यावरण रक्षकोऽहं
तव जीवनदायकोऽहम्।
तव वृष्टिप्रदायकोऽहं
अये मानवः! नैव जानासि?
नैव श्रतं त्वया कदापि
विषवृक्षोऽपि संवर्ध्य खलु।
स्वयमेव छेत्तुमसाम्प्रंत वै
अये मानवः! नैव जानासि?
वातावरणेऽस्मिन् शोभने
कथं त्यजसि प्रदूषणानि?
अनेन किं कल्याणं भवति?
अये मानवः! नैव जानासि?
यथा तव जीवनं तथैवास्माकं
एकस्याप्यंगुल्याच्छेदने खलु।
कीदृशी पीड़ामनुभवसि त्वं
अयं मानवः! नैव जानासि?
तदा कथं निर्दयो भूत्वा
अस्माकं छेत्तुं प्रवृतोऽसि?
मा मा भवत्वल्पधीः खलुं
अये मानवः! नैव जानासि?

नीतू
बी.ए. तृतीय वर्ष

त्वमेव माता, पिता त्वमेव त्वमेव बन्धुः सखा त्वमेव (संस्कृत गीत)

त्वमेव माता, पिता त्वमेव

त्वमेव बन्धुः सखा त्वमेव

त्वमेव माता, पिता त्वमेव

त्वमेव बन्धुः सखा त्वमेव.....(00)

त्वमेव मित्रं, त्वमाश्रयत्वं

न कोऽपि स्वीयो, विना हि त्वत्कं

त्वमेव मित्रं, त्वमाश्रयत्वं

न कोऽपि स्वीयो, बिना हि त्वत्कं

त्वमेव सिन्धु, तरिस्त्वमेव

त्वमेव बन्धुः, सखा त्वमेव.....(0?)

पुष्पं वयं तत्, यत्रो हि स्फुटं

तवाऽपि चरणाकणा नु वयं

पुष्पं वयं तत्। यत्रो स्फुटं

त्वाऽपि चरणाकणा नु वयं

दयाया दृष्टिं, धरेः सदैव

त्वमेव बन्धुः, सखा त्वमेव.....(02)

त्वमेव माता, पिता त्वमेव

त्वमेव बन्धुः सखा त्वमेव

त्वमेव माता, पिता त्वमेव

त्वमेव बन्धुः सखा त्वमेव.....(00)

अभिलाषा
बी.ए. तृतीय वर्ष

प्रार्थना

दयां कृत्वा ही विद्यायाः प्रभीं दानं सहा देयम्।

सदास्माकं हि चित्तेषु दयस्व शुद्धता नेया।।

प्रभो आयातु नः ध्याने वस्तु नेत्रेषु अस्माकम्।

तमोयुक्तेषु हृदयेषु परा आभा समाधैया।।

प्रवाह्य प्रेमगङ्गां च उदधिं स्नेहस्य हृदयेषु।

मिथः सम्मिल्य वासस्थ प्रभो शिक्षा सदा देया।।

सदा नः कर्म स्यात् सेवा सदा नः धर्मः स्यात् सेवा।

सदा शीलम हि स्यात् सेवा परा निष्ठा समादेया।।

भवेन्मे जीवनं भगवन् तथा मरणं हि देशाय।

तदर्थं जीवनत्यागः प्रभो शिक्षा इयं देया।।

दयां कृत्वा हि विद्यायाः प्रभो दानं सदा देयम्।

सदास्माकं हि चित्तेषु दयस्व शुध्दता नेया।।

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु।

सहवीर्यं करवावहै।

तेजस्वि नावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।



मीनाक्षी
बी.ए. तृतीय वर्ष

शिक्षायाः महत्वम्

शिक्षा जीवनस्य आधारः अस्ति। सा एव मनुष्यं अज्ञानान्धकारात् उध्दरति। प्राचीनकाले गुरुकुलेषु शिष्याः शीलं, संस्कारं च सह विद्यां प्राप्नुवन्ति अधतनकाले अपि शिक्षा एव विद्यां प्रगतेः मूलं अस्ति। शिक्षायाः द्वारा विवेकः, अनुशासनम् उत्तरदायित्वं च विकसितं भवति । राष्ट्रस्य उन्नतिः अपि शिक्षायाम् अधिष्ठिता अस्ति।

शिक्षा मानवजीवनस्य प्रकाशः अस्ति। शिक्षा एव मनुष्यं अज्ञानतामसः बहिंः नयति। ज्ञानं बिना जीवनं अन्धकारपूर्ण भवति। अद्यतनकाले अपि शिक्षा एव प्रगतेः मूलं भवति। शिक्षायाः कारणेन राष्ट्र शक्तिशाली भवति।

अतः सर्वे मानवाः शिक्षायाः महत्वं ज्ञात्वा प्रत्येकं बालकं शिक्षायाम अवश्यं प्रवेशयेत्। विज्ञानं, प्रौद्योगिकी, कला, साहित्यं च शिक्षायाः फलानि भवन्ति।

''सा विधा सा विमुकत्ये''

प्रिया
बी.ए. तृतीया वर्ष

स्मृतिसौरभम्

आनन्दगङ्गा वहतीव यत्र
सौन्दर्यसिप्रा सरतीव यत्र।
बन्धुत्वसिन्धुश्चलतीव यत्र
संस्कारशुद्धोऽस्ति स वो विभागः।।1।।

विलोक्य विद्यां प्रति कर्मनिष्ठां
चेष्टां च सर्वां निजनेत्रकान्त्या।
जातं हि चित्तं सुखमण्डितं मे
विद्या यतो मे जननीव जीर्णा।।2।।

शुभ्रा सुचित्रा सरला सुभद्रा
विभागदायित्वनगाधिरूढा।
बन्धुत्वविद्याविषये प्रवीणा
तां भारतीं स्नेहवतीं स्मरामि।।3।।

या माधवी माधव भावसिक्ता
सदानुरक्ताऽध्ययने ऽतिशान्ता।
विद्योतते या प्रतिभेव साक्षात्

आंचल
